केन्द्रीय विद्यालय मुज़फ्फ़रपुर
शरद कालीन अवकाश गृहकार्य
कक्षा-10 ब&स
विषय-हिन्दी

1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

इंटरनेट दो शब्दों 'इंटर' और 'नेट' से मिलकर बना है। इंटर का अर्थ है 'आपस में' और नेट का अर्थ है 'जाल'। इंटरनेट एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है जिसके द्वारा सूचनाओं, ज्ञान तथा संदेशों का आदान-प्रदान अत्यंत तीव्रता और सुगमता से हो सकता है इसके लिए आधुनिकतम सूचना व जानकारी कुछ ही क्षणों में देश-विदेश में भेजी जा सकती हैं।

इंटरनेट का आरंभ 30 वर्ष पहले अमेरिका के सेना विभाग में हुआ था। इस समय अमेरिका के सेना विभाग को परमाणु युद्ध के भय से, गुप्त वैज्ञानिकों सूचनाओं का तुरंत आदान-प्रदान करने के लिए इंटरनेट जैसी व्यवस्था की आवश्यकता थी। इसके अतिरिक्त चूँकि अमेरिका की सारी अर्थव्यवस्था कंप्यूटरों के नेटवर्क पर निर्भर थी। उन्हें ये भी भय था कि यदि युद्धकाल में किसी कारण से या नेटवर्क टूट गया तो उनकी सारी अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी और आर्थिक और प्रशासनिक अव्यवस्था उत्पन्न हो जाएगी। अतः इस आशंका के निवारण के लिए एक ऐसी व्यवस्था को बनाने की जरूरत भी हुई जिसकी सहायता से यदि युद्ध काल में कंप्यूटर नेटवर्क अव्यवस्थित भी होता तो भी सूचना का तथा गुप्त खबरों का आदान-प्रदान हो सकता था।

क) इंटरनेट शब्द का शाब्दिक अर्थ बताएं।
ख) इंटरनेट का क्या कार्य है?
ग) इंटरनेट कब और कहां आरंभ हुआ था?
घ)इंटरनेट ने अमेरिका में युद्ध काल में क्या किया?
ङ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

2- दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

चारु चंद्र की चंचल किरणें
खेल रही है जल थल में
स्वच्छ चांदनी बिछी हुई है
अवनि और अंबर तल में
पुलक प्रकट करती है धरती
हरित तृणों की नोको से
मानो तरु भी झूम रहे हैं
मंद पवन के झोंको से
क्या ही स्वच्छ चांदनी है यह
है क्या यह निस्तब्ध निशा
है स्वच्छंद सुमंद गन्ध वह
निरानंद है कौन दिशा
बंद नहीं अब भी चलते हैं
नियति नटी के क्रियाकलाप
पर कितने एकांत भाव से
कितने शांत और चुपचाप।

क) चांदनी कहां बिछी हुई है?
ख) पृथ्वी अपनी पसंद का कैसे प्रकट करती है?

ग) पेड़ क्यों झूम रहे हैं?
घ)'निरानंद है कौन दिशा' का भाव क्या है?
ङ) नियति नटी किसे कहा है ?उसका कार्य कैसे हो रहा है?

3- निर्देशानुसार वाक्य में परिवर्तित कीजिए-

क) यह वही व्यक्ति है,जिसने चोरी की थी।
(सरल वाक्य)
ख) जैसे ही एक बजा चपरासी ने घंटी बजा दी।
(संयुक्त वाक्य)
ग) पिताजी बाजार से आकर सो गए।
(मिश्र वाक्य)
घ)आषाढ़ की एक सुबह एक मोर ने मल्लाह के पीऊ-पीऊ को सुर दियाथा।(संयुक्त वाक्य)
ङ) सोने की चिड़िया कहलाने वाला यह वही भारत देश है।(मिश्र वाक्य)

4- वाच्य परिवर्तित करें-
(कर्तृवाच्य में बदले)

क) उर्दू में लिखी कविता मुझसे नहीं पढ़ी जाएगी।
ख) सुनीता विलियम्स द्वारा उद्घाटन किया गया।
ग)दो-तीन पक्षियों द्वारा अपनी-अपनी लय में एक साथ कूदा जा रहा था।
घ) पक्षियों द्वारा संगीत का अभ्यास किया जाता है ।
ङ)तुम्हारे द्वारा हिंदी के विकास के लिए क्या-क्या किया जा रहा है?
(कर्मवाच्य में बदले)

क) तानसेन को संगीत सम्राट भी कहते हैं।
ख) लड़कियों ने देश- प्रेम का एक मार्मिक गीत सुनाया।
ग)कूजन कुंज में आस-पास के सभी पक्षी संगीत अभ्यास करते हैं।
घ)सात सुरों को यह गजब की विविधता के साथ प्रस्तुत करती है।
ङ)श्यामसुंदर के घर कल कौन गीता पढ़ रहा था?

(भाववाच्य में बदले)

क) चलो अब सोते हैं।
ख) मनोज पढ़ता है ।
ग) तुम दिनभर कैसे बैठोगे?
घ) वह रातभर कैसे जागेगी?
ङ) आओ अब नहर में तैर लें।

5- रेखांकित शब्दों का पद-परिचय दीजिए-

क)जिलाधिकारी की पहल पर ही इलाके के कुछ प्रमुख लोगों को बुलाया गया जिसमें महाविद्यालय का प्रिंसिपल होने के नाम नाते में भी शामिल था।

ख)भूषण वीर रस के कवि थी।
ग) बाल गोबिन भगत समूचे शरीर की शरण में लिखते अपने खेत में धान रोप रहे हैं।
घ)साहिल दसवीं कक्षा में पढ़ता है ।
ङ) मैं कल ठीक नहीं था।

6- रस के भेदों के नाम उनके
स्थायी-भाव एवं उदाहरण सहित लिखिए।

7- निबन्ध लिखिए-

नैतिक पतन-देश का पतन

•संकेत बिंदु---
•नैतिकता- मानव की श्रेष्ठता की कसौटी
•समाज के उन्नति की आधारशिला
•नैतिक परिणाम के दुष्प्रभाव एवं वर्तमान स्थिति समाधान

8- खेल मंत्रालय की ओर से छात्रों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार करें।

9- दैनिक जागरण समाचार पत्र के संपादक को कॉलोनी के सचिव की हैसियत से पत्र लिखिए जिसमें सड़क परिवहन के नियमों की उपेक्षा करने वालों के प्रति पुलिस के ढीले रवैये पर चिंता व्यक्त की गई हो।

10- हिंदी परियोजना कार्य का काम पूरा करें।